## Headline

1. National Sports Awards 2023: सात्विक-चिराग को खेल रत्न, शमी को अर्जुन अवॉर्ड
2. PM पर मालदीव के मंत्रियों की आपत्तिजनक टिप्पणी: भारत का व्यापार संगठन भड़का, कहा- लक्षद्वीप में करें निवेश
3. Weather Update: दिल्ली समेत 20 राज्यों में कोहरे का असर, ट्रेनें और उड़ानें प्रभावित; आज बारिश बढ़ाएगी और ठंड
4. Mumbai: उद्धव गुट के विधायक और सहयोगियों के ठिकाने पर ईडी की छापेमारी, सात जगहों पर हो रही कार्रवाई
5. Jeffrey Epstein: जेफ्री एपस्टीन ने बिल क्लिंटन और प्रिंस एंड्रयू के अश्लील वीडियो शूट किए थे, रिपोर्ट में दावा
6. Maharashtra: सीट बंटवारे को लेकर महाविकास अघाड़ी की बैठक आज, संजय राउत बोले- पार्टियों के बीच कोई विवाद नहीं
7. US: व्हाइट हाउस की सुरक्षा में बड़ी चूक, गेट से टकराया एक वाहन; चालक गिरफ्तार


सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 181 | इंदौर, मंगलवार 09 जनवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# कीर्तन फेरी पर पथराव से तनाव

## हिंदू संगठनों का थाने पर हंगामा, विधायक बोले- आरोपियों के घर ढहाए जाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शाजापुर। शाजापुर में राम-श्याम फेरी (कीर्तन फेरी) पर पथराव में कुछ लोग घायल हो गए। एक युवक गंभीर रूप से घायल है। घटना सोमवार रात करीब साढ़े 8 बजे की है। जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस फोर्स पहुंच गया। प्रशासन ने मगरिया, लालपुर और काछीवाड़ा में धारा 144 लागू की है।**

सूत्रों के मुताबिक 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आज सभी 24 आरोपियों के अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई की जा सकती है। घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात है।

घटना के बाद सोमवार रात बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के कार्यकर्ता थाने पहुंच गए थे। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और उनके मकानों पर बुलडोजर चलाने की मांग की। बीजेपी विधायक अरुण भीमावद भी थाने पहुंचे।



### अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए पीले चावल बांट रहे थे युवा

राम-श्याम फेरी सोमवार शाम साढ़े 7 बजे काछीवाड़ा चौक से शुरू हुई, जिसमें हिंदू संगठन से जुड़े युवा अयोध्या में राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए पीले चावल बांटे रहे थे। साथ ही भजन कीर्तन करते हुए निकल रहे थे, तभी सोमवारिया क्षेत्र में महिला थाने के पीछे के मोहल्ले में फेरी पर पथराव हो गया। इसमें कुछ लोग घायल हो गए। एक युवक गंभीर घायल हो गया।

पथराव की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना टीआई बृजेश मिश्रा और पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को संभाला। एसडीएम नरेंद्रनाथ पांडे, कमिश्नर संदीप यादव, आईजी संतोष कुमार सिंह, एसपी यशपाल सिंह राजपूत और कलेक्टर ऋजु बाफना भी मौके पर पहुंचे।

शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से पथराव किया गया। मैं प्रशासन से मांग करता हूं कि आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। वे चिह्नित हो चुके हैं। उनके मकान भी तोड़े जाएं। शाजापुर में पिछले 5-6 सालों में धार्मिक और सामाजिक यात्राओं पर पत्थरबाजी कर शहर का वातावरण खराब करने की कोशिश की है। भीमावद ने कहा, निश्चित रूप से तगड़ी कार्रवाई होगी। सीएम डॉ. मोहन यादव ने भी निर्देश दिए हैं कि आरोपियों को छोड़ना नहीं है। शांति बनाने के लिए जो भी कानूनी कदम हैं वे उठाएं। आज जो कार्रवाई प्रशासन करेगा, उसके बाद से शाजापुर में शांति का वातावरण बनेगा।

# उज्जैन-इंदौर का सफर 45-50 मिनट में



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए उज्जैन-इंदौर फोरलेन को सिक्स लेन बनाया जाएगा। ऐसा होने पर 44 किलोमीटर का सफर 45 से 50 मिनट में पूरा हो सकेगा। अभी 60 से 70 मिनट लगते हैं। एमपी रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआरडीसी) ने इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली है। अगली कैबिनेट मीटिंग में इसे मंजूरी मिल सकती है। कैबिनेट से मंजूरी के बाद ही तय होगा कि प्रोजेक्ट का काम कब शुरू होगा और कब पूरा होगा। महाकाल लोक बनने के बाद इंदौर से बाय रोड उज्जैन आने-जाने वालों की संख्या काफी बढ़ गई है। इस रोड पर ट्रैफिक का दबाव लगातार बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 2028 के सिंहस्थ महाकुंभ और 25 साल की जरूरत को देखते हुए इस रोड को डेवलप करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद एमपीआरडीसी ने सिक्स लेन के प्रोजेक्ट को लेकर तेजी से काम कर रहा है।

### सिक्स लेन बनेगा, अगली कैबिनेट में मिल सकती है मंजूरी

# 22 जनवरी को शहर कांग्रेस मनाएगा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

## शहर अध्यक्ष ने सभी कांग्रेसियों से अपने घरों में दीपक जलाने की अपील की है

◆ **कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन भव्य लाइटिंग के साथ सजाया जाएगा**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **श्रीराम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित होगा। इसके चलते पूरा शहर अभी से राममय होने लगा है। इसके साथ ही रामलला के लिए 22 जनवरी को कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन सजेगा और कांग्रेसी अपने घरों पर दीपक जलाएंगे। श्रीराम मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम से मनाने की अपील शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने शहर के सभी कांग्रेसियों से की है।**

अयोध्या में रामलला की स्थापना और मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। इसके चलते शहर में 14 से 22 जनवरी तक उत्सव मनाया जाएगा। इसके तहत शहर के समस्त बाजार, शॉपिंग मॉल और प्रतिष्ठान जहां आकर्षक लाइटों से सजेंगे, वहीं चौराहों-चौराहों पर रामधुन बजाने के साथ मिठाई का वितरण भी होगा। इसके साथ ही भजन के साथ भोजन-भंडारे भी होंगे। श्रीराम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा शहर राममय अलग हो रहा है। इसके चलते भाजपा, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल सहित अन्य हिंदूवादी संगठन जहां हर घर-हर दुकान पर झंडा लगा रहे है वहीं लोगों के घर पर पीले चावल रखकर निमंत्रण भी दे रहे है। 22 जनवरी को हर घर दीपक लगाकर दीपावली मनाने का आव्हान किया है।

### सुंदरकांड का पाठ और भजन संध्या का आयोजन

ऐसे में अब कांग्रेस भी रामलला के लिए पार्टी कार्यालय गांधी भवन को आकर्षक लाइट और भगवा पताका लगाकर सजाएगी। इसके साथ ही शहर के समस्त कांग्रेसियों के घरों पर दीपक जलाए जाएंगे। सुंदरकांड का पाठ और भजन संध्या का आयोजन भी कांग्रेस करेगी। यह सब करने के साथ श्रीराम मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा

महोत्सव धूमधाम से मनाने की अपील शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा ने समस्त कांग्रेसियों से की है। उनका कहना है कि श्रीराम सबके है। इसलिए उनकी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को कांग्रेस धूमधाम से मनाएगी, क्योंकि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के ताले प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने ही खोले थे। इसलिए सभी कांग्रेसी मिलकर मिलकर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाएंगे।

### श्रीराम पर कैलेंडर होगा जारी

शहर अध्यक्ष चड्ढा ने कहा कि श्रीराम मूर्ति प्राण- प्रतिष्ठा महोत्सव के दिन कांग्रेस श्रीराम पर एक कैलेंडर भी जारी करेगी। यह कैलेंडर आम जन के साथ कांग्रेसियों के घर-घर तक पहुंचाया जएगा। इसके साथ ही विधानसभावार और वार्डवार कार्यक्रम आयोजित करने का कांग्रेसियों के कहा गया है। कार्यक्रम के लिए नेताओं की जिम्मेदारी एक-दो दिन में तय कर दी जाएगी।

# प्लास्टिक सर्जरी कैंप में 55 बच्चों का चयन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । **भारतीय जैन संगठन द्वारा आयोजित 6 वें निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैंप का शुभारंभ अरबिंदो हास्पिटल में मुख्य अतिथि विधायक गोलू शुक्ला,युवा जैन रत्न जयसिंह टीना जैन, डॉ विनोद भण्डारी,वीरेन्द्र कुमार जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया ।**

मुख्य अतिथि गोलू शुक्ला ने कहा आज हम प्लास्टिक सर्जरी कैंप के शुभारंभ के इस मौके पर एक समृद्ध भविष्य की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। जयसिंह टीना जैन ने कहा यह कैंप न केवल सौंदर्यिक चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करेगा बल्कि यह भी हमें जागरूक करेगा कि हम अपने आत्मा में स्वीकृति और साहस का स्त्रोत होते हैं। वीरेन्द्र कुमार जैन ,डॉ विनोद भण्डारी एवं दीपक जैन टीनू बोले हम सभी इस संघर्ष में साथी बनकर बच्चों के कटे फटे होंठ एवं चिपके हुए तालू की सर्जरी कर मरीज के चेहरे की सुंदरता साथ उसको खाने पीने में होने वाली दिक़्कतों से छुटकारा दिलवा रहे हैं ।पिछले 40 वर्षों में देश के विभिन्न शहरों में तीन लाख से अधिक प्लास्टिक सर्जरी भारतीय जैन संगठन करवा चुका है ।कैंप में आज 60 मरीजों का रजिस्ट्रेशन हुआ जिसमें से 55 मरीजों का सर्जरी के लिए चयन किया गया ।कटे फटे होंठ एवं चिपके हुए तालू , नाक एवं कान की विकृति वाले मरीजों की भी सर्जरी शुरू हो गई ।सर्जरी कर रहे हैं अमेरिका से आये डॉ लैरी फिलिप वेंस्टिन जिनका साथ दे रहे हैं मैग्जिलो फेसियल सर्जन डॉ सुष्मिता आर व्यास एवं क्लेफ्ट, मैग्जिलो सर्जन डॉ राहुल छजलानी का सम्मान महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल और स्वर्णिम फाउंडेशन के अध्यक्ष विवेक जैन ने किया ।प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन बीजेएस इंदौर के जिला अध्यक्ष सतीश जैन ने किया ।संचालन, कैंप की मुख्य संयोजक रेखा जैन ने किया ।मंगलाचरण शारदा जैन,अर्चना जैन , विजया जैन ने किया ।आभार सचिव शरद पाणोत ने व्यक्त किया ।

## कटाक्ष




# एमजीएम मेडिकल कॉलेज का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉड्‌र्स में दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। डॉ. सुमित शुक्ला, फाउंडर सुप्रीटेंडेन्ट, सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल इंदौर तथा श्री संतोष शुक्ला, प्रेसीडेन्ट एंड सीईओ वल्र्ड बुक ऑफ रिकॉड्र्स ने बताया कि महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज (एमजीएम) के 75 वर्ष पूर्ण होने पर वल्र्ड बुक ऑफ रिकॉड्र्स (यूनाइटेड किंगडम) में दर्ज किया गया। संस्था द्वारा मेडिकल कॉलेज के अंतरगत संचालित बोन मेरो ट्रांसप्लांट यूनिट के द्व?ारा 85 ट्रांसप्लांट किए गए जो कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा निःशुल्क थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख भाई मंडाविया को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री राजेंद्र शुक्ला, उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन, श्री कैलाश विजयवर्गीय, केबिनेट मंत्री लोक निर्माण, श्री तुलसी सिलावट, केबिनेट मंत्री जल संसाधन, श्री शंकर लालवानी, सांसद, मोहम्मद सुलेमान, आईएएस, मुख्य सचिव स्वास्थ्य, श्री गोलू शुक्ला, विधायक एवं डॉ. राजीव श्रीवास्तव, वल्र्ड बुक ऑफ रिकॉड्र्स, एमजीएम कॉलेज के डीन डॉ. संजय दीक्षित को रिकॉर्ड प्रमाण-पत्र प्रदान किया। इस कार्यक्रम में देश-विदेश से आए एक हजार से अधिक डॉक्टर्स शामिल थे।

# पदोन्नति मिलने पर सामाजिक संस्था ने किया सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जिला पुलिस के सब इंस्पेक्टर सहित अन्य को पदोन्नति मिली है। देश सेवा में तत्पर पुलिसकर्मियों का निरीक्षक बनने पर शहर की सामाजिक संस्था मोहसिन फाउंडेशन द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मोहसिन फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं संस्थापक मोहसिन पटेल (बा साहब) ने बताया कि उपनिरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदोउन्नत हुए सुखलाल भवर, रितेश यादव, अमृत लाला गवरी, योगेश कुमार गरसिया, माधव सिंह भदौरिया का बायपास स्थित फार्म हाउस पर शील्ड, शॉल,और पगड़ी बांध कर सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से

खजराना थाना प्रभारी उमराव सिंह, टीआई दिनेश वर्मा, टीआई आरडी कानवा, सूबेदार काजीम हुसैन, उपनिरीक्षक अजय सिँह कुशवाह, क्राइम ब्रांच, सायबर, थाना खजराना, थाना परदेशी पूरा के स्टॉफ के साथी, एवं फाउंडेशन के पदाधिकारी मोहम्मद यासीन ( नेशनल कार बाजार) हैदर अली सेठजी वाला आदि उपस्थित रहे।

# बाजारों में श्रीराम से जुड़ी सामग्री की मांग में तेजी

## झंडे-फोटो-साहित्य लेने वालों की संख्या बढ़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के दिन जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, देश-प्रदेश राममय होते जा रहे हैं। मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के बाजारों में भी रामभक्ति का असर देखा जाने लगा है। इंदौर में प्रभु श्रीराम से जुड़ी सामग्री की मांग में अचानक तेजी हुई है। दुकानदारों ने राम से जुड़ी सामग्री को फ्रंट में रखना शुरू कर दिया है।**

22 जनवरी 2024 दिन सोमवार देश के इतिहास में एक गौरवशाली दिवस के रूप में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा और इस दिन की गाथा सालों तक सुनाई जाती रहेगी। राम मंदिर आंदोलन का एक लंबा इतिहास रहा है जो सपना अब साकार होने जा रहा है। गोस्वामी तुलसीदास रचित रामचरित मानस से प्रायः सभी वाकिफ हैं। जनवरी 1987 में दूरदर्शन पर 78 एपिसोड में रामानंद सागर द्वारा निर्मित रामायण सीरियल ने देश को राममय बना दिया था। रविवार के दिन दिनचर्या ठहर जाती थी। रामायण सीरियल के कारण रेल रुक जाया करती थी, यह था राम के प्रति स्नेह, श्रद्धा और भाव का परिणाम। देश में राममंदिर आंदोलन ने एक बार फिर रामभक्ति की अलख जगाई। आज राममंदिर निर्मित होकर प्रभु की मूर्ति प्रतिष्ठित होने का वक्त करीब आ गया है। संपूर्ण देश में रामलहर चल रही है और सब 22 जनवरी के इंतजार में हैं। देश-प्रदेश में इस दिन का इंतजार है। इंदौर में भी इस दिन को भव्य स्वरूप के साथ मनाए जाने की रूपरेखा तैयार की जा चुकी है। चूंकि अब वक्त बाजार का है तो स्वावाभिक है रामजी से जुडी सामग्री की बाजार में मांग में वृद्धि होगी। रामजी के झंडे, साहित्य, पूजन सामग्री, तस्वीरें, सुबह प्रभातफेरी और रामकथा आयोजन की भव्य तैयारी होने जा रही है। इंदौर में कृष्णपुरा में धार्मिक ध्वज पताकाओं का बाजार है यहां के व्यापारियों का कहना है कि सामान्यतः रामजी अंकित ध्वज बिकते हैं, परंतु अभी कुछ मांग अधिक हो गई है और लगातार मांग बढ़ती जा रही है।

### राम साहित्य की पूछपरख बढ़ी

नगर की पुराणी धार्मिक साहित्य दुकान सरदार सोहनसिंह की दुकान पर रामायण, राम रक्षास्रोत, मनका रामायण 108, राम चालीसा आदि की मांग में एकाएक बहुत वृद्धि हो गई है। साथ ही हनुमान चालीसा की मांग ज्यादा ही है। गीताप्रेस गोरखपुर के आउटलेट पर भी रामजी से जुड़े साहित्य की मांग ज्यादा है। गीताभवन में दुकानों पर भी रामजी से जुड़े साहित्य की मांग अधिक है। रामजी के चित्र, फोटो फ्रेम, अयोध्या में राममंदिर के चित्रों की बाजार में मांग है। खजूरी बाजार में सांवरिया फोटो फ्रेमिंग के मिट्ठूलाल प्रजापति, परदेशीपुरा में वासुदेव फोटो फ्रेमिंग के विजय पाटिल ने बताया कि वर्तमान में रामजी से जुड़े चित्र जैसे रामदरबार, अयोध्या में राममंदिर के चित्र, छोटे से बड़े चित्रों की मांग अधिक हो गई है। वैसे रामनवमी पर इन चित्रों की मांग होती है, पर इस बार जनवरी में मांग में एकाएक बढ़ोतरी हो गई है। उदाहरण के लिए पहले महीने में पांच तस्वीर बिकती थी, अब इनकी संख्या बढ़कर 20 हो गई है।

# होटल, ढाबों में अवैध शराबखोरी, 68 के खिलाफ कार्रवाई की गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर**। शहर में बायपास, रिंग रोड सहित कई प्रमुख सडक़ों पर बने होटल, ढाबों में जमकर शराबखोरी जारी है। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे ने होटल, ढाबों, अवैध रूप से शराब परोसने वाले स्थानों पर कार्रवाई की। जसपाल ढाबा स्टार चौराहा, कवेलू होटल बेस्ट प्राइस के पास, सरदार किचन, गिल पंजाबी ढाबा, भुक्कड़ ढाबा, एमएस ढाबा, मां भवानी ढाबा, एसके 11 ढाबा, एसएस फैमिली ढाबा, देशी तडक़ा ढाबा (सभी बायपास), जम्मू कश्मीर ढाबा, भिंड मुरैना ढाबा मांगलिया, चिकन माफिया, आशियाना, आशीर्वाद ढाबा सांवेर रोड, पंजाबी नेशन ढाबा टीपी नगर, वीरजी द स्वेग खातीवाला टैंक, कबाबीलाल होटल भंवरकुआं, राजपूत ढाबा, मदरम ढाबा, भगवती ढाबा, कालका ढाबा व महाकाल ढाबा महू के खिलाफ कार्रवाई की गई। आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं में 68 केस दर्ज किए गए। कार्रवाई में अवैध शराब भी जब्त की गई।

# सिंधी समाज मनाएगा सिंधी पर्व लाललोई मनाएगा धूमधाम से

**इंदौर**। सिंधी समाज का लाललोई पर्व 13 जनवरी,2024 शनिवार को इंदौर सिंधी समाज के अनेक संगठनो एवं इंदौर के सिंधी बाहुल्य इलाको में धूमधाम से मनाया जाएगा । भारतीय सिंधु सभा,इंदौर के अध्यक्ष रवि भाटिया एवं महामंत्री नरेश फुंदवानी ने बताया कि सिंधी समाज का पर्व लाललोई सिंधी बाहुल्य इलाको लाडक़ाना नगर, प्रेमनगर, गोपालबाग, जयरामपुर कॉलोनी, काटजू कॉलोनी, जयजगत कॉलोनी, बसंत पूरी, सिंधी कॉलोनी, सिन्धु नगर, द्वारकापुरी, कमला नेहरू नगर, विजय नगर झुलेलाल मंदिर सहित अनेक बाहुल्य इलाको में धूमधाम से मनाया जाएगा । इसके लिए समाजजनो एवं मुख्य रूप से समाज की महिलाओं ने तैयारियां कर ली है । लाललोई माता का पूजन कर तिल और गुड़ के व्यंजनों का प्रसाद चढ़ाकर बाटा जायेगा । समाज की महिलायों द्वारा लाललोई माता से मन्नत मांगकर उसे पूरा होने पर अगले साल के लाललोई पूजन पर मन्नत प्रसाद चढ़ाती है । हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जागरूक सिंधी समाज द्वारा लाललोई उत्सव पर पर्यावरण हित एवं गौमाता की रक्षा का संकल्प लिया जाएगा कि देशी गौमाता के कंन्डो द्वारा लाललोई माता का पूजन कर उत्सव मनाए ।

# मंथरा को अपनी सास, ननद और पड़ोसन के बजाय स्वयं अपने भीतर खोजें- दीदी मां मंदाकिनी देवी

## ◆स्कीम 51 के माता मंदिर बगीचे में प्रख्यात मानस मर्मज्ञ दीदी मां मंदाकिनी के सानिध्य मे सैकड़ों लोगों ने लिखे राम नाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मंथरा आज भी हमारे अंदर, हमारे घर में और समाज में जिंदा है। मंथरा को हम अपनी सास, ननद और पड़ोसन में खोजने के बजाय पहले अपने भीतर ही खोजें। मंथरा प्रवृत्ति है। भगवान राम से प्रार्थना करें कि रावण, कंभकर्ण, मंथरा और मेघनाद जैसी जो प्रवृत्तियां आज भी समाज में जिंदा हैं उन्हें जल्द से जल्द खत्म करें, क्योंकि ये सभी प्रवृत्तियां मेरे हृदय रूपी आपके मंदिर में दिनदहाड़े घुसपैठ कर बैठ गई है। राग-द्वेष, मोह-माया और काम-क्रोध जैसे रावण के रिश्तेदार इस हृदय में घुसकर अशांति फैला रहे हैं। अतः इन्हें तुरंत नष्ट करें। बाहर का रावण तो हम दशहरे पर हर साल जला देते हैं, लेकिन जब तक अंदर का रावण नहीं मरेगा, तब तक राम राज्य की स्थापना सार्थक नहीं हो पाएगी।

युग तुलसी रामकिंकर महाराज की उत्तराधिकारी, रामायणम अयोध्या की प्रमुख दीदी मां मंदाकिनी ने सोमवार को स्कीम 51 स्थित माता मंदिर बगीचे में पांच दिवसीय राम कथा महोत्सव के दूसरे दिन उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए। कथा शुभारंभ के पूर्व आयोजन समिति की ओर से वरिष्ठ समाजसेवी प्रेचमंद गोयल के मार्गदर्शन में पार्षद पराग कौशल, गोविंदसिंह पंवार, गिरेन्द्रसिंह भदौरिया, सुरेन्द्र वाजपेयी, अनूप जोशी, अरविंद गुप्ता, लोकेश अवस्थी, राहुल लांभाते, अमित बंटू शुक्ला एवं आचार्य श्री अंकित व्यास सहित सैकड़ों बंधुओं ने दीदी मां का स्वागत कर रामचरित मानस का पूजन किया। दीदी मां ने कहा कि वे अपने गुरू युग तुलसी रामकिंकर महाराज के जन्मशती महोत्सव के अवसर पर देशभर से सवा अरब रामनाम लिखी पुस्तिकाएं अयोध्या ले जाकर उनकी समाधि पर समर्पित करेंगी और वहां प्रार्थना करेंगी कि देश के इन लाखों भाई-बहनों की भावना के अनुरूप इनके अंतर्मन से असंतों या दुष्टों की इन प्रवृत्तियों को खत्म करें। संयोगवश रामकिंकर महाराज का जन्मशती महोत्सव 22 जनवरी को ही अयोध्या में मनाया जाएगा। दीदी मां के आव्हान पर सोमवार को भी सैकड़ों बच्चों ने पुस्तिकाओं में राम नाम लेखन का अभियान चलाया।

# दुनिया के सारे विवादों का जन्म लक्ष्मण रेखा के उल्लंघन से

## बफार्नी धाम के पीछे गणेश नगर में चल रही रामकथा में मानस मर्मज्ञ डॉ. सुरेश्वरदास के आशीर्वचन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मानस का हर प्रसंग अनुकरणीय और अद्वितीय है। सीताहरण का प्रसंग समाज को मर्यादित रहने का संदेश देता है। भारतीय समाज मयार्दा की लक्ष्मण रेखा से ही सुशोभित है। संयुक्त परिवार लक्ष्मण रेखा की मयार्दाओं में गूंथे समाज की पहचान है। विवादों का जन्म तभी होता है जब लक्ष्मण रेखा लांघी जाती है। रामायण में इस तरह के अनेक प्रसंग हैं जहां जीवन जीने की कला सीखने को मिलती है।

बफार्नी धाम के पीछे स्थित गणेश नगर में माता केशरबाई रघुवंशी धर्मशाला परिसर के शिव-हनुमान मंदिर की साक्षी में चल रही रामकथा में उक्त दिव्य विचार मानस मर्मज्ञ आचार्य डॉ. सुरेश्वरदास रामजी महाराज ने भगवान राम के वननवास से जुड़े विभिन्न प्रसंगों की व्याख्या करते हुए व्यक्त किए। कथा शुभारंभ के पूर्व हंसदास मठ के महांडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज के सानिध्य में तुलसीराम-सविता रघुवंशी, अमरसिंह पटेल, नारायणसिंह नर्मदा, पप्पू मालवीय, पारस जैन, तनूज गोयल, भानूप्रतापसिंह मौर्य के साथ राजेन्द्र पजरे, सुरेश वाघ, अनिल पटेल, ठा. गजेन्द्रसिंह चंदेल, कुं. सचिनसिंह राजपूत, नाना यादव, करणसिंह रघुवंशी आदि ने व्यासपीठ एवं रामचरित मानस का पूजन किया। संयोजक रेवतसिंह रघुवंशी ने बताया कि रामकथा का यह संगीतमय दिव्य अनुष्ठान पुष्प दंतेश्वर महादेव मंदिर एवं स्वाध्याय महिला भजन मंडली के तत्वावधान में जारी है। कथा में मंगलवार 9 जनवरी को रावण वध एवं रामराज्याभिषेक प्रसंगों की कथा के साथ समापन होगा । यज्ञ-हवन भी होंगे।

विद्वान वक्ता ने कहा कि भारतीय समाज मयार्दाओं और आत्मसम्मान में जीता है। हमारे परिवार मयार्दाओं की लक्ष्मण रेखा में ही पल्लवित हो रहे है। सीताहरण का प्रसंग इस बात को रेखांकित करता है कि जब तक हम मयार्दा की लक्ष्मण रेखा में रहेंगे, हमारा आत्मसम्मान भी सुरक्षित रहेगा।

# महिला ने एसिड पीकर दी जान

## दूसरी महिला पर धमकाने का लगाया आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बाणगंगा में रहने वाली एक महिला ने एसिड पीकर सुसाइड कर लिया। उसने मरने के पहले अपने परिवार को एक महिला के बारे में जानकारी दी, जिस पर धमकाने का आरोप लगाया है।

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक सुगनबाई (40) पति प्रकाश बागवान निवासी भवानी नगर को उसका भतीजा और परिवार के अन्य लोग सोमवार एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। उसने एसिड पी लिया था। महिला की देर रात एमवाय में मौत हो गई। सुगनबाई ने दिन में अपने पति ओर बच्चों को कॉल कर कहा कि उसने एसिड पी लिया है। वह कुछ ही देर में मर जाएगी। सब घबराकर घर पहुंचे तो सुगनबाइग् बेसुध पड़ी मिली। सुगनबाई ने अस्पताल में अपने बेटे और पति को जानकारी दी कि कोई महिला लगातार कॉल कर उसे धमकियां दे रही थी। इसके कारण उसने यह कदम उठाया है। महिला ने मोबाइल नंबर भी अपने परिवार को दिया। हालांकि परिवार को सोमवार को ही इस बारे में जानकारी लगी। सुगनबाई ने इसके पहले अपनी बहनों को कॉल कर धमकाने वाली महिला की जानकार दी थी।

# आदिवासियों के साथ जमीन पर बैठे कलेक्टर

## कलेक्ट्रेट का किया घेराव, समाज के नेताओं पर जिलाबदर की कार्रवाई पर भड़के

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम। रतलाम में दो लोगों पर जिलाबदर की कार्रवाई के खिलाफ आदिवासी समाज के लोगों ने सोमवार को कलेक्टर दफ्तर का घेराव किया। सैलाना से आए लोगों ने यहां जमीन पर बैठकर धरना दिया और शासन के खिलाफ नारेबाजी की। हंगामा बढ़ता देखकर कलेक्टर अपने दफ्तर से बाहर आए और प्रदर्शनकारियों के बीच ही जमीन पर बैठ गए। उन्होंने कोर्ट में अपील करने की समझाइश दी। जिसके बाद प्रदर्शन खत्म किया जा सका।**



प्रदर्शनकारियों का कहना है कि विधानसभा चुनाव के समय समाज के दो लोगों को तत्कालीन कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ने गलत तरीके से जिलाबदर कर दिया था। दोनों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। हम यहां ज्ञापन देने नहीं आए हैं। यहां ग्राम सभा कर निर्णय लेंगे कि आगे क्या करना है। आदिवासी समाज के लोग न लोकसभा और न विधानसभा, सबसे बड़ी ग्राम सभा के बैनर के साथ रतलाम आए थे। कलेक्टर भास्कर लाक्षाकार ने जमीन पर बैठकर प्रदर्शनकारियों के साथ बात की।

**महिला बोली- मेरा बेटा समाज की बात करता है, इसमें कौन सी गलती है-** प्रदर्शन के दौरान पहले अपर कलेक्टर आदिवासियों से बात करने आए, लेकिन वे कलेक्टर को बुलाने की बात पर अड़े रहे। इसके बाद कलेक्टर भास्कर लाक्षाकर वहां पहुंचे। एक जिला बदर की मां ने कलेक्टर से कहा, ह्यऐसी कौन सी गलती की मेरे बेटे ने, वो तो समाज की बात करता है, इसमें कौन सी गलती है?

कलेक्टर ने लोगों को समझाते हुए कहा, ह्यआप कोर्ट में अपील कर सकते हैं। कलेक्टर ने जय जोहार बुलवाकर धरना समाप्त करवाया।

प्रदर्शन खत्म होने के बाद कलेक्टर भास्कर लाक्षाकर ने कहा, ह्यपूर्व में जो जिला बदर की कार्रवाइयां हुई हैं, उनके संबंध में लोग अपनी बात कहने आए थे। उन्हें समझाया है कि न्यायालय प्रक्रिया में अगर वे किसी आदेश से व्यथित हैं तो उसके लिए हाई कोर्ट ही सही रास्ता है।ह

**कहा- 7 दिन में कुछ नहीं हुआ तो लेंगे बड़ा फैसला-** प्रदर्शन का नेतृत्व करने इंदौर से आए दयाराम कोरकू ने कहा, ह्यबाजना तहसील के लांबी सादड़ गांव के विलेश खराड़ी और देवली गांव के वीपी हारी को जिला बदर किया गया था। दोनों सामाजिक नेता हैं। हमारी ग्राम सभा ने फैसला लिया है कि कलेक्टर की कार्रवाई गैर संवैधानिक है। आदिवासी क्षेत्र में ज्यूडिशियल कानून लागू नहीं होता।

समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट के सामने ग्राम सभा में निर्णय लिया है कि 7 दिन में अगर कुछ नहीं होता है तो बड़ा फैसला लिया जाएगा। हम हाई कोर्ट ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे।

**दोनों आरोपियों पर अलग-अलग थानों में चार-चार केस-** एएसपी राकेश खाका ने बताया कि विलेश खराड़ी और वीपी हारी पर अलग-अलग थानों में चार-चार केस दर्ज हैं। इनमें मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने के प्रकरण शामिल हैं। अप्रैल 2023 में तत्कालीन कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ने उन्हें जिला बदर किया था।

# कांग्रेस ने प्रदेश की लोकसभा सीटों पर नियुक्त किए कोऑर्डिनेटर

**◆ जातीय-क्षेत्रीय समीकरण बैठाकर भाजपा को चुनौती; भोपाल प्रियव्रत, इंदौर बाला बच्चन संभालेंगे**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। कांग्रेस ने मध्यप्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों के लिए कोऑर्डिनेटर्स की नियुक्ति कर दी है। लोकसभा चुनाव के करीब चार महीने पहले विधायक, पूर्व विधायक और पूर्व मंत्रियों को एक-एक लोकसभा सीट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसे विधानसभा चुनाव में मिली हार के सबक के तौर पर भी देखा जा रहा है।

विधानसभा चुनाव में भाजपा ने तो चार महीने पहले कैंडिडेट घोषित कर दिए थे लेकिन कांग्रेस ऐनवक्त तक उम्मीदवार तय करती रही थी। भाजपा ने प्रचंड बहुमत से सरकार बनाई। इंदौर, खजुराहो और देवास लोकसभा क्षेत्र में आने वाली सभी 24 विधानसभा सीटों में तो कांग्रेस खाता तक नहीं खोल पाई।

ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने लोकसभा कोऑर्डिनेटर्स की नियुक्ति में जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों का ख्याल रखा है। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित टीकमगढ़ लोकसभा सीट की जिम्मेदारी भांडेर विधायक फूल सिंह बरैया को दी गई है। इस लोकसभा क्षेत्र में अहिरवार-जाटव समाज के वोटर निर्णायक माने जाते हैं। बरैया भी इसी समाज से आते हैं। इसी तरह भिंड और मुरैना लोकसभाओं पर राजपूत समाज के विधायक नितेंद्र सिंह राठौर, जयवर्धन सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। इन दोनों सीटों पर राजपूत मतदाता निर्णायक हैं। भोपाल लोकसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी प्रियव्रत सिंह और इंदौर का जिम्मा बाला बच्चन को दिया गया है।

# कुचलकर मारे गए पटवारी के परिवार को 25हजार की सहायता

**पत्नी-बेटी ने ठुकराई, पूछा- जिम्मेदारों पर कार्रवाई कब; कलेक्टर बोलीं- उनकी गलती नहीं**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

शहडोल। शहडोल में पटवारी प्रसन्न सिंह की हत्या को एक महीने से ज्यादा बीत चुका है। परिजन को अभी भी इंसाफ का इंतजार है। पुलिस अब तक किसी पर आरोप तय नहीं कर पाई है और ना ही जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कार्रवाई की गई है। कलेक्टर वंदना वैद्य का कहना है कि उन्होंने ही अधिकारियों को पटवारियों की टीम को मौके पर भेजने के लिए कहा था। वहां सिर्फ निगरानी करनी थी, एक्शन नहीं लेना था। वहीं, प्रशासन ने परिवार को बीमे की रकम के अलावा 25 हजार का मुआवजा दिया। जिसे परिजन ने लेने से मना कर दिया। परिजन का ये कहना है कि उन्हें इंसाफ चाहिए ना कि पैसा।

**कलेक्टर बोलीं- पटवारियों को भेजने के लिए मैंने ही कहा था-** पटवारी प्रसन्न सिंह बघेल की पत्नी गुंजा देवी और बेटी दिया सिंह बीते एक महीने से कलेक्टर से मिलने की कोशिश कर रही थीं। दिनभर समय बिताने के बाद 6 जनवरी को शाम 6 बजे कलेक्टर से उनकी मुलाकात हो पाई। परिजन की प्रशासन से कई मांगें थीं। इनमें जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई, प्रसन्न सिंह को शहीद का दर्जा और सरकारी मदद जैसी मांगें प्रमुख थीं। कलेक्टर ने परिजन से कहा कि शहीद का दर्जा दिलाने के लिए वो उच्च स्तर पर पत्र भेज चुकी हैं। अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया भी जल्द शुरू हो जाएगी। जहां तक आरोपियों पर कार्वाई का सवाल है तो मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

परिजन ने आरोपियों की संपत्ति की कुर्की और घर गिराने की भी मांग की थी। इसे लेकर कलेक्टर ने कहा कि ये कार्रवाई मैहर जिला प्रशासन कर सकता है, क्योंकि आरोपी मैहर के रहने वाले हैं। जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई के सवाल पर कलेक्टर ने कहा कि उन्होंने ही अधिकारियों को पटवारियों को भेजने के निर्देश दिए थे।

# 12वीं पास बांग्लादेशी डॉक्टर

**◆ विजिट वीजा पर आया, फिर नहीं लौटा; अब जेल में**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

जबलपुर। जबलपुर में 10 दिन पहले पकड़ाया बांग्लादेशी फर्जी डॉक्टर केंद्रीय जेल में है। वह 12वीं पास है। 14 साल पहले वह विजिट वीजा बांग्लादेश से भारत आया था। वीजा खत्म होने के बाद भी वह वापस नहीं गया। यहां गांव-गांव घूमकर इलाज करने लगा। लोग उसे डॉक्टर साहब कहकर बुलाते थे। उसके पास मिले आधार, पैन और वोटर आईडी पर कोलकाता का एड्रेस दर्ज है। पुलिस की चार सदस्यीय टीम एक-दो दिन में कोलकाता भी जाएगी। इसकी सूचना केंद्रीय एजेंसी को भी दी है।

27 दिसंबर को ग्वारीघाट थाना पुलिस ने पोलीपाथर से रपन विश्वास (35) को पासपोर्ट अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था। पूछताछ में पता चला कि वह बांग्लादेश का रहने वाला है। वह पिछले 14 साल से भारत में अवैध तरीके से रह रहा था। पुलिस ने पूछताछ के बाद 30 दिसंबर को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। दरअसल, रपन के पिता और भाई 13 दिसंबर को उससे मिलने विजिट वीजा पर जबलपुर आए थे। उनका वीजा भी खत्म होने वाला है।

**सर्जरी से लेकर जुकाम-बुखार का इलाज करता था-** पोलीपाथर में रहने वाले लोगों का कहना है कि रपन हिंदी और बंगाली बोलता था। सोचा नहीं था कि वह बांग्लादेश का होगा। सतीश ने बताया कि उसे चार-पांच साल से देख रहे हैं। किसी को बुखार-खांसी होने पर उसे बुला लेते थे या फिर उसके पास चले जाते। कभी फीस के लिए दबाव नहीं बनाया। 10 रुपए- 20 रुपए जितना भी दे दो, रख लेता था। सतीश का कहना है कि एक बार दोस्त की अंगुली टूट गई, तो उसने सर्जरी कर दी। पता चला है कि रपन डॉक्टरी के साथ इलेक्ट्रीशियन है और मोबाइल भी सुधार देता था।

# सोसाइटी चुनाव में कांग्रेस रही भाजपा पर भारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

झाबुआ। झाबुआ जिले की मेघनगर ब्लॉक में रविवार को सोसाइटी के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित संचालकों का गठन हुआ। मेघनगर सोसाइटी, मंडली सोसाइटी, मदरानी सोसाइटी सहित पंच पिपलिया सोसाइटी का गठन किया गया। जिले की मेघनगर जनपद क्षेत्र के अंतर्गत 3 जनवरी को मेघनगर सोसाइटी, मंडली सोसाइटी, मदरानी सोसाइटी सहित पंच पिपलिया सोसाइटी के चुनाव संपन्न हुए थे। इन चारों जगह पर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों की जीत हुई। थांदला विधायक वीर सिंह भूरिया, जिला कांग्रेस के अध्यक्ष प्रकाश रांका और मेघनगर ब्लॉक अध्यक्ष यामीन शेख के नेतृत्व में चुनाव संपन्न हुए थे।

# पूर्व मुख्यमंत्री पर बयान देने वाले मंत्री शिवराज से मिले

## मीडिया के सवाल पर हाथ जोड़कर कहा- मुझे माफ कर दीजिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। पूर्व मुख्यमंत्री के कामकाज पर दिए बयान से चर्चा में आए राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार सोमवार को शिवराज सिंह चौहान से मिलने पहुंचे। चौहान के बंगले पर करीब 20 मिनट तक चर्चा के बाद वे बाहर निकले। उन्होंने मीडिया के सवाल का जवाब देने की बजाय हाथ जोड़कर कहा, ह्यमुझे माफ कर दीजिए। मैं अभी बयान देने की स्थिति में नहीं हूं।

दरअसल, डॉ. मोहन यादव सरकार में राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार का एक वीडियो शुक्रवार को कांग्रेस ने सोशल मीडिया में शेयर किया था। इसमें वे कह रहे हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री ने कुछ नहीं किया। कांग्रेस ने उनके इस बयान को पूर्व सीएम शिवराज से जोड़ दिया था। जिसके बाद मंत्री ने कहा कि मैंने तो कमलनाथ के लिए कहा था। मीडिया ने मंत्री दिलीप अहिरवार से सवाल किया था कि पूर्व मुख्यमंत्री ने बड़ा मलहरा विधानसभा को गोद लिया था। इसके जवाब में उन्होंने कहा था, ह्यअरे वर्तमान मुख्यमंत्री को देखो। पूर्व मुख्यमंत्री ने तो न जाने किन-किन को गोद लिया था, इसलिए यह उसी का तो परिणाम है। वे गोद लेते थे, करते तो कभी कुछ थे नहीं।ह्यपूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान से मिलने पहुंचे मंत्री दिलीप अहिरवार ने उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। कांग्रेस प्रवक्ता पीयूष बबेले ने मंत्री का ये वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इसमें उन्होंने भाजपा सरकार में गुटबाजी की बात कहते हुए तंज कसा था। इसके बाद अहिरवार की सफाई भी सामने आई थी। मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा था- मुझे लगा कि पूर्व सीएम कमलनाथ को लेकर मुझसे सवाल किया गया है। मेरे बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। आप मेरे बयान को सुनेंगे तो उसमें मैंने कहा है कि हमारे पूर्व सीएम शिवराज ने भी बहुत काम किया है।

Uttarpradesh

# अयोध्या में शोभायात्रा कैंसिल, जन्मभूमि से बाहर नहीं निकलेंगे रामलला, सुरक्षा एजेंसियों ने बदलवाया प्लान

**अयोध्या, (एजेंसी)** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले निकलने वाली शोभायात्रा स्थगित कर दी गई है। यह शोभायात्रा 17 जनवरी को निकलने वाली थी। सुरक्षा वजहों से यह निर्णय लिया गया है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियों से जुड़े लोगों ने बताया कि राम लला की नई मूर्ति की शोभा यात्रा अब 17 जनवरी को पूरे अयोध्या शहर में नहीं निकाली जाएगी। सुरक्षा एजेंसियों की सलाह पर मंदिर ट्रस्ट ने इसे रद्द कर दिया है। ट्रस्ट 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले होने वाले कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में उसी दिन राम जन्मभूमि (आरजेबी) परिसर के अंदर नई मूर्ति के दौरे की व्यवस्था करेगा। राम मंदिर ट्रस्ट ने अभिषेक



समारोह के तहत 16 जनवरी से अयोध्या में सात दिवसीय विशेष अनुष्ठान की घोषणा की थी।

16 जनवरी को सरयू के तट पर मंदिर ट्रस्ट द्वारा नियुक्त 'यजमान' द्वारा प्रायश्चित अनुष्ठान के बाद, अगले दिन राम लला की नई मूर्ति के साथ अयोध्या शहर में एक जुलूस निकाला जाना था। उधर, श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट और मंदिर निर्माण समिति की बैठक के बाद ट्रस्टके एक सदस्य ने मीडिया को बताया कि 12 जनवरी तक मंदिर निर्माण स्थल पर भूतल का काम पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर में लाइटिंग का काम पूराहो गया है।

उधर, राममंदिर के शिखर पर लगने वाला ध्वज दंड अहमदाबाद से चलकर सोमवार को अयोध्या पहुंच चुका है। इस ध्वज को गुजरात में तैयार किया गया है।

New Delhi

## दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर पर ट्रक से टकराकर चकनाचूर हुई कार

दिल्ली पुलिस के



**सोनीपत, (एजेंसी) दिल्ली को हरियाणा से जोड़ने वाले सोनीपत जिले में कुंडली बॉर्डर के पास सोमवार रात एक कार एक कैंटर की टक्कर में दिल्ली पुलिस के दो इंस्पेक्टरों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि कार के आगे से परखच्चे उड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर घटना की जांच शुरू कर दी है।**

जानकारी के अनुसार, दिल्ली से सटे सोनीपत के कुंडली बॉर्डर के पास सोमवार देर रात करीब 11:30 बजे हरियाणा नंबर की डार्क ग्रे कलर की हुंडई वेन्यू कार संख्या HR 14R 3775 कैंटर (ट्रक) से टकरा जाने से दिल्ली पुलिस के दो इंस्पेक्टरों की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कार

Uttarpradesh

## लड़की भगाने का आरोप, फिर सेटलमेंट के लिए 50 हजार की डिमांड... दारोगा से परेशान युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दे दी जान

**बरेली, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के बरेली में एक युवक ने दारोगा से परेशान होकर ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली. इस घटना से हड़कंप मच गया. मृतक के परिजनों की शिकायत पर एसएसपी सुशील चंद्रभान ने आरोपी दरोगा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है. परिजनों ने दारोगा पर युवक को परेशान करने और उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है.

बताया जा रहा है कि देर शाम फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के भिटौरा रेलवे स्टेशन के माधोपुर ओवरब्रिज के पास युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली. वह गांव फिरोजपुर निवासी था. उसका नाम रोहित पाल है और उसकी उम्र महज 27 साल थी. परिजनों का आरोप है कि क्षेत्र के एक गांव से गायब हुई युवती को ले जाने का आरोप लगाकर थाने में तैनात दारोगा लगातार उसे परेशान कर रहा था. जबकि, युवती के परिजनों ने उनके बेटे के खिलाफ किसी तरह की कोई शिकायत नहीं की थी. वहीं, दो दिन पहले गायब युवती अपने घर भी आ गई थी. इसके बावजूद दारोगा रोज घर आकर बेवजह दबाव बना रहा था.

Uttarakhand

## झाझरा में क्लोरीन गैस के रिसाव से मचा हड़कंप, पुलिस ने खाली कराया पूरा इलाका, दो अस्पताल

**देहरादून, (एजेंसी) देहरादून के झाझरा में मंगलवार सुबह प्लाट में रखे गैस सिलिंडरों से क्लोरीन गैस का रिसाव हो गया। जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। इसके बाद सूचना मिलते ही थाना प्रेमनगर पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके को खाली कराया। देहरादून एडीएम रामजी शरण ने बताया कि लोगों को आंखों में जलन की शिकायत थी। इसके बाद दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।**



जानकारी के अनुसार, घटना तड़के की बताई जा रही है। थाना प्रेमनगर को सूचना मिली कि झाझरा क्षेत्र के एक खाली प्लाट में गैस सिलिंडरों से रिसाव हो रहा है। सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया।

साथ ही आस-पास के क्षेत्र में स्थित घरों से लोगों को निकालते हुए सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। मौके से गैस सिलैंडरों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। एसएसपी ने अधिकारियों का निर्देश दिए कि मामले की जांच की जाए कि सिलिंडरों को प्लाट में किसने रखा।

खेल

# वरुण तोमर और ईशा सिंह ने एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

## ओलंपिक कोटा भी किया हासिल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजों ने सोमवार को स्वर्णिम प्रदर्शन किया। बागपत के वरुण तोमर और एशियाड की स्वर्ण पदक विजेता ईशा सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल में न सिर्फ स्वर्ण पदक जीते बल्कि पेरिस ओलंपिक का कोटा भी हासिल कर लिया। इसके साथ ही निशानेबाजों की ओर से पेरिस ओलंपिक के लिए जीते गए कोटा की संख्या 15 हो गई है। टोक्यो ओलंपिक में भी भारत के 15 निशानेबाजों ने हिस्सा लिया था, लेकिन इस चैंपियनशिप और और कोटा आने की उम्मीद है, जिससे टोक्यो की रिकॉर्ड संख्या पीछे छूट सकती है।

टोक्यो ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाले सौरभ चौधरी के ममेरे भाई वरुण ने क्वालिफाइंग राउंड में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 586 का स्कोर किया। ठीक इतना ही स्कोर सौरभ ने टोक्यो में किया था। वरुण ने इस दौरान एक सीरीज 100 में से 100 की भी लगाई। वह क्वालिफाइंग में शीर्ष स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे।



### इस स्कोर को भी जल्द पीछे छोड़ूंगा: वरुण

फाइनल में 20 वर्षीय पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन वरुण की शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन उन्होंने बाद में जबरदस्त वापसी करते हुए 239.6 का स्कोर स्वर्ण जीता। वरुण अमर उजाला से कहते हैं कि यह उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर जरूर है, लेकिन वह इसे भी जल्द पीछे छोड़ देंगे। वरुण ने सात वर्ष पहले शूटिंग शुरू की थी। वह बताते हैं कि उन्होंने सौरभ को देखकर प्रेरणा ली कि उन्हें भी इस खेल में कुछ अच्छा करना है। उन्होंने शुरुआती दिनों में घर पर ही रेंज लगाकर रात-दिन अभ्यास किया।

एशियाड पदक विजेता अर्जुन चीमा (579) ने भी फाइनल में जगह बनाई। उज्ज्वल मलिक (575) फाइनल में तो नहीं पहुंचे, लेकिन तीनों ने मिलकर टीम का स्वर्ण पदक देश को जरूर दिलाया। अर्जुन ने फाइनल में 237.3 का स्कोर रजत पदक जीता।

### रिद्म ने जीता कांस्य

ईशा सिंह ने फाइनल में 243.1 का स्कोर कर स्वर्ण जीता। पाकिस्तान की किश्माला तलत (236.3) के साथ रजत और भारत की ही रिद्म सांगवान ने (214.5) के साथ कांस्य जीता। ईशा, रिद्म, सुरभि राव ने कुल 1736 का स्कोर टीम का भी स्वर्ण पदक जीता। एशियाड में पदक जीतने वाली किश्माला को भी पेरिस ओलंपिक का कोटा मिला। वह ओलंपिक कोटा हासिल करने वालीं तीसरी पाकिस्तानी निशानेबाज बनीं।

सिनेमा

## 'वेलकम' एक्टर का खुलासा, फिल्म के लिए अक्षय कुमार के स्टाफ से भी कम मिली थी फीस



अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'वेलकम' सिनेमा लवर्स की फेवरेट रही है. इस फिल्म के हर किरदार को दर्शकों ने पसंद किया. छोटे से छोटे स्क्रीन टाइम वाले एक्टर ने भी सभी को जमकर हंसाया था. अगर आपको याद हो तो फिल्म में एक्टर मुश्ताक खान मजेदार रोल में नजर आए थे. मुश्ताक के किरदार का नाम बल्लू था, जो लोगों को अपनी टूटी टांग दिखाता और बताता था कि कैसे उदय भाई (नाना पाटेकर) ने उसकी टांग तोड़ी और फिर उसे अस्पताल लेकर गए. अब एक्टर मुश्ताक खान ने फिल्म में काम करने को लेकर बात की है.

डिजिटल कमेंटरी पॉडकास्ट में फिल्म 'वेलकम' को लेकर बात करते हुए मुश्ताक खान ने चौंकाने वाला खुलासा किया. उन्होंने बताया कि इस फिल्म के लिए उन्हें लीड एक्टर अक्षय कुमार के स्टाफ से भी कम पैसे मिले थे. इतना ही नहीं, मुश्ताक ने फिल्म में काम करने के लिए इकोनॉमी क्लास में सफर किया था और उन्हें अक्षय के स्टाफ के साथ सेम होटल में ठहराया गया था. हालांकि मुश्ताक का कहना है कि अब वक्त बदल रहा है. डायरेक्टर एक्टर्स के बीच फीस के गैप को खत्म करना चाह रहे हैं.

## संपादकीय

# तस्वीर काफी बिगड़ी है

बांग्लादेश की आर्थिक स्थिति में सुधार के मामलों में शेख हसीना के हिस्से कुछ कामयाबियां जरूर दर्ज हैं। बीते एक दशक के दौरान आर्थिक मोर्चे पर सुधार की बदौलत बांग्लादेश में प्रतिव्यक्ति आय में करीब तीन गुना बढ़ोतरी हुई और काफी तादाद में लोग गरीबी से बाहर निकले। मगर फिलहाल महंगाई से लेकर कर्ज तक के मामले में देश की तस्वीर काफी बिगड़ी है। बांग्लादेश में हुए ताजा चुनावों के दौरान कम मतदाताओं और विपक्षी दलों की लगभग अनुपस्थिति को देखते हुए नतीजे बिल्कुल आकलन और उम्मीद के मुताबिक आए। इसमें अवामी लीग पार्टी को भारी जीत मिली और एक बार फिर शेख हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश में नई सरकार का गठन होना तय है। यानी कहा जा सकता है कि चुनावों से पहले ही उपजी अलग-अलग परिस्थितियों के बीच शेख हसीना और उनकी पार्टी के लिए एक तरह से अनुकूल स्थिति थी और उनके सामने राजनीतिक चुनौती न के बराबर थी। मगर अब देखने की बात होगी कि खाली मैदान में हासिल चुनावी जीत के बाद बनने वाली सरकार और शासन-तंत्र में लोकतंत्र कितना सुरक्षित रह पाएगा। गौरतलब है कि रविवार को हुए चुनावों में शुरू में बहुत कम यानी 27.15 फीसद मतदान हुआ, मगर बाद में यह आंकड़ा चालीस फीसद तक पहुंच गया, जिस पर सवाल भी उठे। इसके बावजूद कहा जा सकता है कि वहां विपक्षी दलों के चुनावी बहिष्कार के आह्वान का खासा प्रभाव पड़ा। यह बेवजह नहीं है कि चुनाव के मैदान में लगभग एकतरफा लड़ाई और जीत के बाद सबसे ज्यादा इस बात को लेकर चिंता जताई जा रही है कि वहां लोकतंत्र का भविष्य क्या रहेगा। दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के साथ-साथ पंद्रह अन्य राजनीतिक दलों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। इस बीच चुनावों से पहले ही शेख हसीना सरकार ने बड़ी संख्या में कई प्रतिद्वंद्वी नेताओं और उनके समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया था, जिसकी तीखी निंदा हुई थी। ऐसी स्थिति में हुए चुनावों में अगर अवामी लीग पार्टी को तीन सौ सीटों वाली संसद में दो सौ तेईस सीटें मिलीं, तो इसे अनुकूल बिसात पर मिली जीत कहा जा सकता है। नतीजों के बाद संसद में मुख्य विपक्षी दल जातीय पार्टी को ग्यारह और बांग्लादेश कल्याण पार्टी को एक सीट पर जीत मिली, जबकि बासठ निर्दलीय उम्मीदवारों को विजय मिली।

### अर्ज़ किया है..!

*आए थे हँसते खेलते*
*मय-ख़ाने में 'फ़िराक़'*
*जब पी चुके शराब तो*
*संजीदा हो गए*

-फ़िराक़ गोरखपुरी




**तीन वस्तु मिट जाए तो हम जीवन मुक्त है....**

**शोक - भुतकाल का शोक मिट जाए...**

**मोह - वर्तमान का मोह मिट जाए....**

**चिंता- भविष्य की चिंता मिट जाए....**

## Health is Wealth

# स्ट्रेस की छुट्टी करके दिमाग को शांत रखता है मकरासन

### जानें फायदे और करने का सही तरीका

आजकल की भागती-दौड़ती जिंदगी में तनाव लोगों के जीवन का एक हिस्सा बनकर रह गया है। जिससे निजात पाने के लिए वो कई तरह के उपाय भी आजमाते हैं। लेकिन समस्या जस की तस बनी रहती है। अगर आप भी अपने बिजी लाइफस्टाइल की वजह से अकसर तनाव से घिरे रहते हैं तो मकरासन को अपने रूटिन का हिस्सा बना लें। मकरासन संस्कृत के दो शब्द मकर और आसन से मिलकर बना है। मकर का अर्थ मगरमच्छ और आसन का मतलब पोज यानि पॉश्चर से होता है। अंग्रेजी में इस आसन को क्रोकोडाइल पोज (Crocodile pose)भी कहा जाता है। मकरासन का नियमित अभ्यास व्यक्ति के अंगों को रिलैक्स करके मन को शांत रखने में मदद करता है। जिससे व्यक्ति को बैचेनी,डिप्रेशन,उलझन और माइग्रेन जैसी समस्या में राहत मिलती है।

### मकरासन करने का तरीका

मकरासन करने के लिए सबसे पहले किसी खुली जगह पर अपना योगा मैट बिछाकर उसपर पेट के बल लेट जाएं। इसके बाद अपनी दोनों कोहनियों को जमीन पर टिकाते हुए अपना सिर और कंधे को ऊपर की तरफ ले जाएं। हथेलियों का स्टैंड बनाकर इस पर ठुड्डी को रखकर गहरी सांस लें और छोड़ें। अगर इस आसन को करते समय कमर पर ज्यादा जोर पड़ रहा हो तो कोहनियों को हल्का और फैला दें। अब धीरे-धीरे अपने दोनों पैरों को नीचे से ऊपर की ओर ले जाते हुए धीरे-धीरे नीचे से ऊपर लेकर जाएं। यह एक चक्र होता है, इस तरह से आप दस चक्र कर सकते हैं।



### मकरासन करने के मिलते हैं ये फायदे

#### पेट की समस्या करें दूर

नियमित रूप से मकरासन का अभ्यास करने से पाचन तंत्र बेहतर होता है। इस आसन का नियमित अभ्यास थकावट और बदन दर्द को दूर करके पेट की मांसपेशियों को टोन करके कब्ज की समस्या को दूर करने में मदद करता है। जिससे पेट से जुड़ी हुई कई बीमारियां दूर हो सकती हैं।

#### सांस संबंधी समस्या

मकरासन श्वांस संबंधी दमा जैसी परेशानियों से निजात दिलाने में मदद कर सकता है। मकरासन करते समय श्वास लेने और छोड़ने की वजह से व्यक्ति के फेफड़े मजबूत बनते है। स्वच्छ वायु अंदर लेने से छाती तंदुरुस्त रहती है जिससे श्वास संबंधी बीमारियों में लाभ मिल सकता है।

#### तनाव होता है दूर

मकरासन करने से हाइपरटेंशन व मानसिक रोगों से राहत मिलती है। इसके नियमित अभ्यास से तनाव दूर होने के साथ मन को शांत और एकाग्र बनाए रखने में मदद मिलती है। जिन बच्चों का पढ़ने में मन नहीं लगता, वे इस आसन को करेंगे तो उन्हें फायदा मिलेगा। ये आसान करने में बेहद सरल है कि कोई भी व्यक्ति आसन से कर सकता है।

#### पीठ दर्द से राहत

अगर आप पीठ दर्द से परेशान रहते हैं तो इस आसन को जरूर करें। यह रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाकर तनाव कम करता है। शरीर की मांसपेशियों से जुड़ी समस्याओं से निजात दिलाने के साथ स्लिप डिस्क जैसी समस्या को खत्म करता है। रीढ़ और कंधों की मांसपेशियों से भी तनाव कम करता है।




1. **Bihar Man Killed By In-Laws After He Objects Wife's Reels**
2. **Chlorine gas leaks at empty plot in Dehradun, locals evacuated**
3. **Hanuman Garhi Laddoos Set to Get Prestigious GI Tag**
4. **UP Police SI accused of raping woman**
5. **Bengaluru CEO mother kills son in Goa, arrested**
6. **Our Prez should reach out to PM Modi, calm tensions: Ex-Maldives VP**

# Swiggy Instamart VP Sidharth Satpathy moves on, Amazon India's Anirban Roy to take over

**NEW DEIHI, (Agency).** Sidharth Satpathy, Vice President at Swiggy-owned Instamart, is moving on, with this being yet another top-level departure from the food delivery giant.

Satpathy, who joined Swiggy as an AVP in June 2019 before being promoted to VP in July 2021, took to LinkedIn to inform about his exit.

“Around 5 years back, a conversation led me to take a leap into the startup ecosystem Swiggy and what a ride it has been. As I move on and reflect on how this phase of life has been, I am filled with nothing but gratitude,” he wrote, thanking everyone he worked with at the company.

At Instamart, his position will be taken over by Anirban Roy starting this week, Satpathy further stated, adding that in his next stint, he will back in the CPG industry from next Monday.

Roy arrives at Instamart from Amazon India, where



his most recent position was as Head, Performance Marketing.

Recent top-level exits from Swiggy- In March last year, Kartik Gurumurthy, who built Instamart, moved on, and, in the following month, Dale Vaz, the Bengaluru-based firm's then CTO, resigned. Other executives to leave were Ashish Lingamneni (VP, head of brand and product), Nishad Kenkre (VP, head of revenue and growth), and Anuj Rathi (SVP, revenue and growth).

Swiggy IPO- These developments come at a time when Swiggy is preparing for a $1 billion initial public offering (IPO). In this regard, the Softbank-backed firm is likely to have picked investment bankers including Kotak Mahindra Capital, Citi and JP Morgan, Bofa Securities, Jefferies, etc. Also, recently, US-based asset management company (AMC) Invesco, which owns around 2% stake in the food major, raised its valuation of the latter to $8.3 billion.

# ‘Chalo Lakshadweep’ boosted shares of this Gujarat-based firm by 20%. Here's how

**NEW DEIHI, (Agency).** The row between India and Maldives escalated as many celebrities and notable personalities came out in support of promoting tourism to Lakshadweep. However, this tourism campaign came as a blessing for the stock of a small-cap firm.

Praveg, a small-cap company based in Ahmedabad, saw its shares



soar 20 per cent in view of the 'Chalo Lakshadweep' campaign. Notably, Praveg is a luxury resort company which is currently developing a tent city in Lakshadweep.

Shares of Praveg hit their 52-week-high on Monday after rallying to a high of ₹1037.50, as shareholders discovered the link of the Ahmedabad firm with Lakshadweep, and how it could see a spike in revenue and sales amid the 'Chalo Lakshadweep' campaign.

Praveg shares were in view after it received a work order from the Union Territory of Lakshadweep to set up, maintain and manage at least 50 tents at the Agatti Islands, turning it into a luxury tourist attraction.

This luxury tent city will offer many commercial activities to tourists such as scuba diving, destination weddings, corporate functions etc. The work order is for three years, and can be extended by up to two years, reported Economic Times.

# होटल में पहुंची पुलिस टीम

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की मॉक ड्रिल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर की सुरक्षा व्यवस्था तथा शहर में विभिन्न आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में शहर के महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की चैकिंग व निरीक्षण एवं आपातकालीन स्थिति में पुलिस, प्रशासन व संस्थानों की क्या सुरक्षा तैयारियां है इसका भी जायजा लिया जा रहा है।

इसी अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त (आसूचना एवं सुरक्षा) हंसराज सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा) प्रमोद सोनकर के मार्गदर्शन में इंदौर पुलिस की सुरक्षा शाखा एवं बीडीडीएस टीम द्वारा आज होटल ऐसेंशिया पर किसी आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु किस प्रकार बेहतर सुरक्षा संबंधी प्रबंधन किया जाए इस संबंध में मॉक ड्रिल की गई।




इस ड्रिल में सहायक पुलिस आयुक्त सुरक्षा अनिल कुमार मंडराह एवं बीडीडीएस प्रभारी निरीक्षक खालिद मुश्ताक के दिशा निर्देशन में, इंदौर पुलिस एवं बीडीडीएस टीम द्वारा होटल ऐसेंशिया के स्टाफ को भी लेकर, किसी आपातकालीन परिस्थितियों/ लावारिस (विस्फोटक सामग्री वाली) वस्तु मिलने पर, किस प्रकार से कार्यवाही की जाए एवं जनता की सुरक्षा का ध्यान किस प्रकार रखा जाए आदि बातों का जीवंत अभ्यास कराया गया। साथ ही पुलिस अधिकारियों द्वारा होटल की सुरक्षा के संबंध में होटल स्टाफ से बात की तथा उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

# मकान मालिक पर जानलेवा हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मकान बेचने को लेकर हुए विवाद में प्रापर्टी ब्रोकर ने मकान मालिक युवक पर जानलेवा हमला करते हुए उसके पेट में चाकू घोंपकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे बचाने आए भाई पर भी आरोपी ने हमला कर दिया। पुलिस हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है।**

लसूडिया पुलिस ने बताया कि प्राणघातक हमले की घटना पीपल्या कुमार कांकड में कालका माता मंदिर के पास हुई। गंभीर रूप से घायल युवक का नाम जितेंद्र पिता रमेश धाकड़ (30) निवासी निपानिया है। हमले में इसका भाई संतोष भी घायल हुआ है। पुलिस ने फरियादी जितेंद्र की रिपोर्ट पर आरोपी ब्रोकर आनंद शर्मा निवासी पीपल्या कुमार कांकड के खिलाफ जान लेवा हमले की धारा में केस दर्ज किया है। घायल ने पुलिस को बताया कि मेरे मकान बेचने की बात चल रही थी। उसी समय आरोपी आनंद शर्मा वहां आ गया। वह कहने लगा कि तुमने मुझे निबा बताए तु हारा मकान कैसे बेच दिया। इस पर मैंने कहा कि यह मकान मेरा है मैं किसी को भी बेंचू तुम कौन होते हो रोकने वाले। इसी बात को लेकर आरोपी आनंद शर्मा ने गालियां दी। उसे जब गाली देने से मना किया तो उसने अपनी पेंट की जेब से चाकू निकाला और जान से मारने की नीयत से मेरे पेट,हाथ और माथे पर वार कर दिए। मुझे चोट लगकर खून निकलने लगा। मैंने शोर मचाया तो मेरा भाई संतोष धाकड़ और पड़ोसी निर्मल धाकड़ बीच बचाव करने पहुंचे उसी दौरान भाई संतोष पर भी आरोपी ने हमला किया जिससे उससे भी चोट आई। पुलिस ने बताया कि घायलों को मेडिकल के लिए अस्पताल भिजवाया गया आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया गया है।

## जहर खाने से युवक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जहर** खाने से एक युवक की मौत हो गई। आजाद नगर पुलिस ने बताया कि आलोक नगर निवासी राजेंद्र को जहर खाने के चलते एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस पता लगा रही है कि उसने यह कदम क्यों उठाया। थाना प्रभारी नीरज मेढा का कहना है कि परिजनों के बयान के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# तीन मोबाइल लुटेरे गिरफ्त में

### अलग-अलग थाना क्षेत्रों में वारदात करना कबूला

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने तीन बदमाशों को पकड़ा है। आरोपी बाइक पर सवार होकर मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम देते है। आरोपियों ने पिछले 10 दिनों में तीन थाना इलाको में करीब आधा दर्जन से अधिक वारदातों को अजांम दिया है। पकड़ाए आरोपियों पर पहले से अपराध दर्ज है।

एडीशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया की टीम तिलकनगर,भंवरकुआ ओर विजयनगर में हुई मोबाइल लूट की वारदातों को लेकर फुटेज के आधार पर लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी बीच टीम को जानकारी लगी कि छोटू ठाकुर, आदित्य ओर शुभम माडल पलासिया इलाके में रहते है। वह इस तरह की मोबाइल लूट की वारदातें कर रहे है। बाइक नंबर ओर हुलिये के आधार पर क्राइम ब्रांच ने तीनों आरोपियों को पकड़ा। आरोपियों के पास वही बाइक मिली जो मोबाइल लूट में शामिल थी। इसके बाद तीनों से अलग अलग पूछताछ की गई तो उन्होंने मोबाइल लूट की वारदातें कबूल की। अभी आरोपियों से तिलकनगर, भंवरकुआ ओर विजयनगर की आधा दर्जन मोबाइल लूटो के बारे में जानकारी मिली है।क्राइम ब्रांच ने पकड़ाए तीनों बदमाशों की अपराधो की डिटेल निकाली। जिसमें छोटू ठाकुअर ओर शुभम माडल पर पहले से आधा दर्जन के लगभग अपराध मिले है। वही आदित्य पर एक ही अपराध मिला है। अभी क्राइम ब्रांच की टीम आरोपियों से ओर वारदात को लेकर पूछताछ कर रही है।

### कंपनी में की धांधली

**इंदौर।** कर्मचारियों ने कंपनी में गबन किया। मालिक ने इस मामले में रिपोर्ट लिखाई है। रवि अग्रवाल निवासी डीबी सिटी महालक्ष्मी नगर की शिकायत पर भरत शेखावत,रोहित शर्मा,रहीम खान निवासी नूरानी नगर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। क्राइम ब्रांच थाने से मिली जानकारी के अनुसार अग्रवाल की सिंगल एक्सपर्ट ग्लोबल एलएलपी नाम से कंपनी है। जिन्होंने क्लाइंट्स का डाटा चुराकर कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक